भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1868**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**बच्चों को अगवा किया जाना और भिक्षा मांगने हेतु मजबूर किया जाना**

**†1868. श्री मेघराज जैन :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में कई शहरों में सड़कों चौराहों इत्यादि पर भिक्षावृत्ति के लिए छोटे बच्चों को अगवा कर इस कार्य के लिए बाध्य किया जाता है;
(ख) यदि हां, तो अगवा किए जाने संबंधी प्राप्त शिकायतों तथा उन पर की गई कार्रवाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार इस तरह की घटनाओं तथा भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए कोई कड़ा कानून बनाने पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसे कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क) और (ख) : राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2014 के दौरान भीख मंगवाने के उद्देश्य से कुल 5 बच्चों का अपहरण या उन्हें अगवा किया गया था। शहर-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।**

**(ग) और (घ) : भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, "पुलिस" और "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय हैं और इस प्रकार, अपराध की रोकथाम, उसका पता लगाने, मामला**

**........2/-**

<u>राज्य सभा अता० प्र० सं० 1868</u>

दर्ज करने, उसकी जांच और अभियोजन चलाने की प्राथमिक जिम्मेवारी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है। गृह मंत्रालय ने "लापता बच्चों के मामले में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करने से संबंधित माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश" के संबंध में दिनांक 25 जून, 2013 को और "बच्चों के प्रति अपराध" के संबंध में दिनांक 14 जुलाई, 2010 को परामर्शी-पत्र जारी किया है, जो निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

**http://mha.nic.in/sites/upload_files/mha/files/CSAdviMissingChild-170713.pdf**

**http://mha.nic.in/sites/upload_files/mha/files/pdf/AdvCrime-children-280710.pdf**

****

**अनुलग्नक-I के पृष्ठ 1 का 1**

**राज्य सभा अता० प्र० सं० 1868**

## वर्ष 2014 के दौरान भीख मंगवाने के उद्देश्य से अपहृत या अगवा किए गए बच्चों की शहर-वार संख्या

| क्रम सं. | शहर | बच्चों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आगरा | 0 |
| 2. | अहमदाबाद | 0 |
| 3. | इलाहाबाद | 0 |
| 4. | अमृतसर | 0 |
| 5. | आसनसोल | 0 |
| 6. | औरंगाबाद | 0 |
| 7. | बेंगलुरू | 0 |
| 8. | भोपाल | 0 |
| 9. | चंडीगढ़ सिटी | 0 |
| 10. | चेन्नई | 0 |
| 11. | कोयम्बटूर | 0 |
| 12. | दिल्ली (शहर) | 0 |
| 13. | धनवाद | 0 |
| 14. | दुर्ग-भिलाईनगर | 0 |
| 15. | फरीदाबाद | 0 |
| 16. | गाजियाबाद | 1 |
| 17. | ग्वालियर | 0 |
| 18. | हैदराबाद | 0 |
| 19. | इंदौर | 0 |
| 20. | जबलपुर | 0 |
| 21. | जयपुर | 0 |
| 22. | जमशेदपुर | 0 |
| 23. | जोधपुर | 0 |
| 24. | कन्नूर | 0 |
| 25. | कानपुर | 0 |
| 26. | कोच्चि | 0 |
| 27. | कोलकाता | 0 |
| 28. | कोल्लम | 0 |
| 29. | कोटा | 0 |
| 30. | कोझीकोड | 0 |
| 31. | लखनऊ | 0 |
| 32. | लुधियाना | 0 |
| 33. | मदुरई | 0 |
| 34. | मलप्पुरम | 0 |
| 35. | मेरठ | 0 |
| 36. | मुम्बई | 2 |
| 37. | नागपुर | 0 |
| 38. | नासिक | 0 |
| 39. | पटना | 0 |
| 40. | पुणे | 0 |
| 41. | रायपुर | 0 |
| 42. | राजकोट | 0 |
| 43. | रांची | 0 |
| 44. | श्रीनगर | 0 |
| 45. | सूरत | 0 |
| 46. | तिरूवनंतपुरम | 2 |
| 47. | त्रिचूर | 0 |
| 48. | तिरुचुरापल्ली | 0 |
| 49. | वडोदरा | 0 |
| 50. | वाराणसी | 0 |
| 51. | वसई विरार | 0 |
| 52. | विजयवाड़ा | 0 |
| 53. | विशाखापट्टनम | 0 |
|  | कुल शहर | 5 |

**स्रोत: भारत में अपराध**

***